चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 11-10.25 | 3 | 5-6 |

# दैनिक भास्कर

### किसानों को योजनाओं को लेकर किया जागरूक

## एचएयू के छात्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

**हिसार** | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर के दौरान किए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि कॉलेज के छात्र यशपाल को वर्ष 2022-23 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र के साथ मेडल व 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। छात्र को हरियाणा सरकार से वर्ष 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर एनएसएस पुरस्कार मिला है। यशपाल ने एचएयू के छात्र के रूप में किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीम प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मेरा पानी मेरी विरासत आदि के बारे में किसानों को अवगत कराया।



छात्र को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 11.10.25 | 6 | 4-5 |

## हकृवि में रन एंड राइड कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी : डॉ एस के पाहुजा

### मैराथन व साइकिलिंग के लिए 1199 ने करवाया पंजीकरण

हिसार, 10 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय परिसर में 12 अक्तूबर को सुबह 05:30 बजे श्री सत्य साईं रन (दौड़) एंड राइड ( साइकिलिंग) के आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रन एंड राइड में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी देते हुए छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा ने बताया कि श्री सत्य साईं के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा देश भर में रन एंड राइड का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करके फिट इंडिया मिशन को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि रन एंड राइड के अन्तर्गत 3, 5 और 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ और 10 किलोमीटर की साइकिल रेस आयोजित की जाएगी। रन एंड राइड में भाग लेने के लिए 1199 नागरिकों ने अपना पंजीकरण करवाया है। उन्होंने बताया कि रन एंड राइड का कार्यक्रम देश के विभिन्न 16 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा जिसमें हिसार भी शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 11.10.25 | 4 | 4-5 |

# मेहंदी प्रतियोगिता में रितिका प्रथम



एचएयू में मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। स्रोत : संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की ओर से करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में रितिका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व सेजल तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने किया। डॉ. कविता दुआ जाधव ने बताया कि जजों के लिए विजेताओं का चयन करना कठिन रहा क्योंकि प्रत्येक प्रतिभागी की मेहंदी कला अद्भुत और आकर्षक थी। इसके बाद गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 11.10.25 | 4 | 1-2 |

## मैराथन के लिए 1199 ने कराया पंजीकरण

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय परिसर में 12 अक्तूबर को सुबह 5:30 बजे श्री सत्य साईं रन (दौड़) एंड राइड (साइकिलिंग) के आयोजन किया जाएगा।

रन एंड राइड में भाग लेने के लिए 1199 नागरिकों ने अपना पंजीकरण करवाया है रन एंड राइड में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा देश भर में रन एंड राइड का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 3, 5 और 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ और 10 किलोमीटर की साइकिल रेस आयोजित की जाएगी। संवाद

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 11.10.25 | 6 | 6-8 |

# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में करवा चौथ पर मेंहदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं छात्राएं।

हिसार, 10 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने किया। डॉ. ढींगड़ा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया और बताया कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं और मेहंदी केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं बल्कि प्रेम, आस्था और उत्सव का प्रतीक भी है। कार्यक्रम संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कविता दुआ जाधव की देखरेख में हुआ।

करवा चौथ के शुभ अवसर पर छात्राओं के लिए मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जजों के लिए विजेताओं का चयन करना कठिन रहा क्योंकि प्रत्येक प्रतिभागी की मेहंदी कला अदभुत और आकर्षक थी। इसके बाद गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रितिका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व सेजल तृतीय स्थान पर रही। उनके सुरों की मिठास ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। पूरा कार्यक्रम उल्लास, उमंग और भारतीय संस्कृति की सुगंध से भरपूर रहा। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि परंपरा और आधुनिकता का संगम ही हमारे समाज की पहचान है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 11.10.25 | 12 | 4-6 |

# गायन में रितिका ने पाया पहला स्थान

- करवा चौथ पर मेंहदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने किया। कार्यक्रम संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कविता दुआ जाधव की देखरेख में हुआ।



हिसार। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो: *हरिभूमि*

### रंगारंग नृत्य किया

गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रितिका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व सेजल तृतीय स्थान पर रही। उनके सुरों की मिठास ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया।

करवा चौथ के शुभ अवसर पर छात्राओं के लिए मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 10.10.2025 | | |


# हकृवि के छात्र यशपाल को राष्ट्रीय पुरस्कार

नभ-छोर न्यूज ▶▶| 10 अक्टूबर




हिसार। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी (आनर्स)एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ठ कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र यशपाल को वर्ष 2022-23 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यशपाल को हरियाणा राज्य सरकार से वर्ष 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर एनएसएस पुरस्कार भी मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर. काम्बोज ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता यशपाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि गत 13 वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने 10 बार राष्ट्रीय एवं 9 बार राज्य स्तर पर अवार्ड प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के कारण ही इंसान को लक्ष्य की प्राप्ति होती है, यशपाल की कड़ी मेहनत व लगन का ही फल है यह पुरस्कार। कुलपति ने राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक व डॉ. लोचन शर्मा को भी बधाई दी। यशपाल चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एक मेहनती और प्रतिबद्ध एनएसएस स्वयंसेवक हैं। सामाजिक क्षेत्र में एनएसएस के माध्यम से यशपाल ने अनेक बार रक्तदान शिविर, सामाजिक जागरूकता रैलियां, पर्यावरण जागरूकता रैलियां, स्वच्छता अभियान, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, प्लास्टिक मुक्त भारत, नकद रहित लेनदेन व डिजीटल स-ाक्षरता, पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को आयोजित करवाया और इनमें बढ़ चढकर भाग लिया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 11.10.25 | 5 | 7-8 |

# एचएयू का छात्र यशपाल राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित



नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अवार्ड प्राप्त करते कृषि महाविद्यालय के छात्र यशपाल। -हप्र

हिसार, 10 अक्तूबर (हप्र)

बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर कोर्स के दौरान किए उत्कृष्ट कार्यों के चलते चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के छात्र यशपाल को वर्ष (2022-23) के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यशपाल को राज्य सरकार से वर्ष 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर एनएसएस पुरस्कार भी मिला है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता यशपाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि गत 13 वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने 10 बार राष्ट्रीय एवं 9 बार राज्य स्तर पर अवार्ड प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के कारण ही इंसान को लक्ष्य की प्राप्ति होती है, यशपाल की कड़ी मेहनत व लगन का ही फल है यह पुरस्कार।

इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर यशपाल को बधाई दी। कुलपति ने राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. चंद्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक व डॉ. लोचन शर्मा को भी बधाई दी। ज्ञात रहे कि देश में कुल 40 लाख स्वयंसेवक है जिनमें से केवल 30 स्वयंसेवकों को ही यह अवार्ड मिलता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स न्यूज | 10.10.2025 | | |

# एचएयू के यशपाल को राष्ट्रपति से मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय के बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ठ कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र यशपाल को वर्ष 2022-23 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 1 लाख रूपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यशपाल को हरियाणा राज्य सरकार से वर्ष 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर एनएसएस पुरस्कार भी मिला है।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, डॉ. एस.के. पाहुजा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर यशपाल को बधाई दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 11.10.25 | 12 | 3-8 |

देश के 40 लाख स्वयंसेवकों में केवल 30 स्वयंसेवकों को ही मिलता है यह अवार्ड

# राष्ट्रपति मुर्मू ने किया एचएयू छात्र यशपाल को राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित

प्रशस्ति पत्र के अलावा मेडल व एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को लगातार एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। विश्वविद्यालय को जहां शिक्षा, शोध, विस्तार के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इसका नाम पीछे नहीं है। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय के बीएससी (आनर्स)एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि



हिसार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अवार्ड प्राप्त करते छात्र यशपाल।

महाविद्यालय के छात्र यशपाल को वर्ष 2022-23 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यशपाल को हरियाणा राज्य सरकार से वर्ष 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर एनएसएस पुरस्कार भी मिला है।

## कड़ी मेहनत व लग्न का फल है यह पुरस्कार

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता यशपाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर यशपाल को बधाई दी। कुलपति ने राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. चन्द्रशेखर डागर, डॉ. दीपक कौशिक व डॉ. लोचन शर्मा को भी बधाई दी। ज्ञात रहे कि देश में कुल 40 लाख स्वयंसेवक है जिनमें से केवल 30 स्वयंसेवकों को ही यह अवार्ड मिलता है।

## सामाजिक कार्यों में निभाई खास भूमिका

यशपाल हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एक मेहनती और प्रतिबद्ध एनएसएस स्वयंसेवक हैं। सामाजिक क्षेत्र में एनएसएस के माध्यम से यशपाल ने अनेक बार रक्तदान शिविर, सामाजिक जागरूकता रैलियां, पर्यावरण जागरूकता रैलियां, स्वच्छता अभियान, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, प्लास्टिक मुक्त भारत, नकद रहित लेनदेन व डिजीटल साक्षरता, पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को आयोजित करवाया और इनमें बढ़ चढ़कर भाग लिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 10.10.2025 | | |

# हकृवि में मेंहदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य पर मेंहदी व गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने किया। डॉ. ढींगड़ा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया और बताया कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाए रखने में अह्म भूमिका निभाते हैं और मेहंदी केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं बल्कि प्रेम, आस्था और उत्सव का प्रतीक भी है। कार्यक्रम संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. कविता दुआ जाधव की देखरेख में हुआ। करवा चौथ के शुभ अवसर पर छात्राओं के लिए मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जजों के लिए विजेताओं का चयन करना कठिन रहा क्योंकि प्रत्येक प्रतिभागी की मेहंदी कला अदभुत और आकर्षक थी। इसके बाद गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रितिका प्रथम, मुस्कान द्वितीय व सेजल तृतीय स्थान पर रही। उनके सुरों की मिठास ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। पूरा कार्यक्रम उल्लास, उमंग और भारतीय संस्कृति की सुगंध से भरपूर रहा। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि परंपरा और आधुनिकता का संगम ही हमारे समाज की पहचान है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 11.10.25 | 2 | 3 |

## हकृवि में रन एंड राइड कार्यक्रम कल

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय परिसर में 12 अक्टूबर को सुबह 5.30 बजे सत्य साईं रन (दौड़) एंड राइड ( साइकिलिंग) के आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रतिभागियों को कुलपति प्रो बीआर काम्बोज झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 11.10.2025 | | |

# HAU student Yashpal wins national NSS award from President Murmu



Vice Chancellor Prof. B.R. Kamboj congratulating student Yashpal

**Hisar :** Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCS HAU), Hisar, has added another feather to its cap with student Yashpal from the College of Agriculture winning the prestigious National Service Scheme (NSS) Award for 2022-23. Presented by Her Excellency President Draupadi Murmu at Rashtrapati Bhavan, the award includes a citation, medal, and a cash prize of Rs 1 lakh. Remarkably, out of nearly 4 million NSS volunteers across India, only 30 are selected for this national honor each year. Yashpal had earlier received the State NSS Award for 2021-22 from the Haryana Government. His consistent commitment to community welfare and leadership in various initiatives earned him this national recognition. Through NSS, he has led and participated in several impactful activities such as blood donation camps, cleanliness and environmental drives, social awareness rallies, health check-ups, vaccination campaigns, and digital literacy programs. He also worked to educate farmers about government schemes like the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana, Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, and Mera Pani Meri Virasat.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 11.10.2025 | | |

# एचएयू के छात्र यशपाल को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**⇨ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित**

**जगमार्ग न्यूज**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार को लगातार एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल हो रही हैं। विश्वविद्यालय को जहां शिक्षा, शोध, विस्तार के क्षेत्र में अपने अमूल्य योगदान के लिए जाना जाता है वहीं समाज सेवा के क्षेत्र में भी इसका नाम पीछे नहीं है। समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर विश्वविद्यालय के बीएससी (आनर्स)एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र यशपाल को वर्ष 2022-23 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने राष्ट्रपति भवन के



दरबार हॉल में यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। यशपाल को हरियाणा राज्य सरकार से वर्ष 2021-22 के लिए राज्य स्तर पर एनएसएस पुरस्कार भी मिला है।

## कड़ी मेहनत व लग्न का फल है यह पुरस्कारः प्रो. बलदेव राज काम्बोज

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता यशपाल को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि गत 13 वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने 10 बार राष्ट्रीय एवं 9 बार राज्य स्तर पर अवार्ड प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के कारण ही इंसान को लक्ष्य की प्राप्ति होती है, यशपाल की कड़ी मेहनत व लगन का ही फल है यह पुरस्कार। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह बहुत गौरव की बात है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एस.के. पाहुजा सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर यशपाल को बधाई दी।